## New Paper - Dainik Bhaskar(Chittorgarh)

# बाल दिवस पर विज्ञान मेला आयोजित

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा बाल दिवस के अवसर पर विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भीलवाड़ा, प्रतापगढ़ व अन्य पड़ोसी जिलों के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं सृजनशीलता को एक वृहद मंच प्रदान करने के उद्देश्य से इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए मेवाड़ विश्वविद्यालय ने संभाग के समस्त विज्ञान एवं प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों को प्रतिभागी के रूप में आमंत्रित किया है। आयोजन के दौरान विश्वविद्यालय अपनी समस्त प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों व प्रायोगिक इकाइयों से प्रतिभागियों को रूबरू कराएगा। मेले का आयोजन पद्मश्री व पद्मविभूषण पुरस्कार से सम्मानित व भारतीय सुपर कंप्यूटर के जनक विजय पी. भटकर के मुख्य आतिथ्य में होगा।

## New Paper - Pratahkal

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में बाल दिवस पर विज्ञान मेला

चित्तौड़गढ। मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा बाल दिवस के अवसर पर वृहद स्तर पर विज्ञान मेले का आयोजन किया जायेगा जिसमें भीलवाड़ा, प्रतापगढ़ व अन्य पड़ोसी जिलों के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं सृजनशीलता को एक वृहद मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रेरित इस आयोजन का हिस्सा बनने हेतु मेवाड़ विश्वविद्यालय संभाग के समस्त विज्ञान एवं प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों को प्रतिभागी बनने हेतु आमंत्रित किया है। साथ ही आयोजन के मद्देनजर विश्वविद्यालय का एक दल अपनी समस्त प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों एवं अन्य समस्त प्रायोगिक इकाइयों से सभी प्रतिभागियों को रूबरू करायेगा जिससे मेले में भाग लेने वाली सभी नवोदित प्रतिभाएं समसामयिक विज्ञानी जानकारियां प्राप्त कर परोक्ष रूप से लाभान्वित हो सके। मेले का आयोजन पद्मश्री व पद्मविभूषण पुरस्कार से सम्मानित व भारतीय सुपर कंप्यूटर के जनक देश के विख्यात कंप्यूटर विज्ञानी विजय पी भटकर के मुख्य आतिथ्य में होगा।